मैं दीवाना भोले बाबा का | By Sanjeev Kumar (Hansi)

मैं दीवाना भोले बाबा का कोई माने या ना माने
कोई माने या ना माने, कोई माने या ना माने
मेरा बाबा सब कुछ जाने है कोई जाने या ना जाने

सारे जग का एक सहारा मेरा डमरू वाला है
सबको मुंह माँगा फल देता ये तो बड़ा दिलवाला है
ये तो बड़ा दिलवाला है ....
ऐसे नहीं मेरे बाबा के देखो लाखों दीवाने
मैं दीवाना भोले बाबा का कोई माने या ना माने

निर्धन हो या चाहे धनी हो लगते सभी कतार में
भेद भाव बिलकुल नहीं होता बाबा के दरबार में
बाबा के दरबार में ....
ये तो सबके मन की जाने है कोई जाने या ना जाने
मैं दीवाना भोले बाबा का कोई माने या ना माने

दुनिया सारी हुई दीवानी डमरू वाले बाबा की
विजयराज भी जपता माला बस बाबा के नाम की
बस बाबा के नाम की ....
कलयुग में बाबा आये हैं हम सब को पार लगाने
मैं दीवाना भोले बाबा का कोई माने या ना माने

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%88%e0%a4%82-%e0%a4%a6%e0%a5%80%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%ad%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a4%be-by-sanjeev-kumar-hans/